## महत्वपूर्ण एवं खास

## लोक सुराज अभियान श्रीमती सुलोचना के लिए रहा खुशियों भरा

**रायगढ़**।पुसौर विकासखण्ड के पडिग़ांव निवासी बुजुर्ग सुलोचना सरल आज लोक सुराज अभियान के तहत ग्राम पडिग़ांव में आयोजित समाधान शिविर में अपने पोते के साथ आयी थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब पेंशन मिलेगा, जिसकी राशि का उपयोग वे अपने स्वास्थ्य के लिए करेगी। वहीं अब पेंशन मिलने से जीवन-यापन करने में भी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह को लाख-लाख शुक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इस पेंशन से उन्हें जीने का सहारा एवं आधार मिला है।

## प्रतिबंधित मार्ग पर चलने वाले वाहनों पर की गई कार्यवाही

**रायगढ़**। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ को मैरीन ड्राइव, गौरव पथ एवं प्रतिबंधित मार्ग में संचालित होने वाले वाहनों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के परिपालन में गत 11 मार्च को रात्रि 9 बजे से सुबह 3 बजे तक निरीक्षण करने पर प्रतिबंधित मार्ग में कुल 43 वाहन संचालित पाए गए। इन वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की गई। कुल 5 वाहनों पर ओव्हरलोड की कार्यवाही एवं समस्त वाहनों पर प्रतिबंधित मार्ग में संचालित कर सड़क मार्ग में क्षति पहुंचाने के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इन वाहनों में शास्ति ओव्हरलोड पर कुल 60 हजार रुपए एवं प्रतिबंधित मार्ग में संचालन के विरूद्ध कुल 94 हजार रुपए की राशि वसूल की गई। जिन वाहन चालको द्वारा मौके पर अर्थदंड जमा नहीं किया गया उन्हें पुलिस थाना चक्रधर नगर में सुरक्षित रखा गया। प्रतिबंधित मार्ग में संचालित वाहनों के विरूद्ध आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

## करवारजोर में 13 हितग्राहियों को मिली उज्जवला योजना की सौगात

**रायगढ़**। प्रदेशव्यापी लोक सुराज अभियान के तीसरे चरण मे जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करवारजोर में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उज्जवला योजना के तहत 13 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 5 नवीन राशन कार्ड, 1 किसान को स्प्रेयर पम्प के साथ हितग्राहियों को पेंशन राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित निराकृत आवेदनों की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री पनतराम भगत, लैलूंगा एसडीएम श्री अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ श्री एल.एन.सिदार, सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## उज्जवला योजना के तहत 22 हितग्राहियों को मिला निशुल्क गैस कनेक्शन

**रायगढ़** - लोक सुराज अभियान के तीसरे चरण में आज कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के मार्गदर्शन में तमनार विकासखण्ड के ग्राम जिवरी में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के 1087 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 1086 आवेदनों का निराकरण किया गया। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 22 हितग्राहियों को निरूशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। इनमें राजकुमारी शांति बाई चौहान फुल कुमारी चौहान कुलमती कंवर बद्रिका कंवर जयंती कंवर सुकवारो कंवट उकिया प्रधान सोनकुंवर मांझी पंचमती मांझी अनिता सिदार जामवती राठिया तीजकुंवर राठिया गुरूबारी बाई राठिया मालती राठिया पदमावती सिदार फूलकुंवर सिदार मोहनमती राठिया सविता भोय तिलोत्मा राठिया घसनीन राठिया एवं जलकुंवर सिदार शामिल है। राजस्व विभाग द्वारा 5 छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण.पत्र दिया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 विद्यार्थियों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इनमें सहोद्रा रौतिया कु.अंजली गुप्ता कमला राठिया एवं एक छात्र विक्की सिदार शामिल है।इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हेतराम टोप्पो बीडीसी श्री चमार सिंह मालाकार भीखम प्रसाद राठिया रोहित भोय जिवरी की सरपंच कुमारी बाई राठिया घरघोड़ा एसडीएम श्री अशोक कुमार मार्बल जनपद सीईओ श्री साहू शिविर के नोडल अधिकारी एवं उद्यान विभाग के सहायक संचालक श्री एन.एस.कुशवाहा अधिकारी. कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिविर में स्थायी जाति प्रमाण.पत्र पाकर विद्यार्थी हुए खुश

**रायगढ़** -तमनार के ग्राम जिवरी में आयोजित समाधान शिविर में स्कूली विद्यार्थियों को स्थायी जाति प्रमाण.पत्र मिलने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई। आमापाली माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों में छात्रा भगवती राठिया, कुण्कांति राठिया, सुलोचना राठिया, किरण राठिया एवं शुकांति राठिया ने खुशी जाहिर करते हुए शासन धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि जाति प्रमाण.पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसकी आवश्यकता शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं नौकरी में आवेदन करने के लिए जरूरत पड़ती है।



## चेक बुक कोषालयों में 15 मार्च तक जमा करने के निर्देश

**रायगढ**- जिला कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष 2017.18 हेतु 15 मार्च 2018 को संध्या 5 बजे तक चेकबुक जिला कोषालयए रायगढ़ के पास जमा करें तथा उपयोग किए गए निरंक चेक का विवरण भी चेक बुक के साथ देवें एवं 15 मार्च के उपरांत अपरिहार्य प्रकरणों में व्यय की स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निर्देशानुसार कार्यवाही करें।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनॉक 1 जुलाई 1996


पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students
Last Session



Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%




















Topper Students
Last Session



Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931